मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-589
06/12/2021

# बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**पटना, 06 दिसम्बर 2021 :–** बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा के समक्ष डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, खान एवं भूतत्व मंत्री श्री जनक राम, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री नन्द किशोर यादव, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन, कीर्तन के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

******